भारत सरकार

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

**लोकसभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 408**

27.11.2024 को उत्तर देने के लिए

**डेटा इनोवेशन लैब का उद्देश्य**

408. श्री खगेन मुर्मु:

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) डेटा इनोवेशन लैब का उद्देश्य क्या है; और

(ख) क्या यह आधिकारिक सांख्यिकी के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने और गुणवत्ता में सुधार लाने में सहायक होगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संस्कृति मंत्रालय राज्य मंत्री [राव इंद्रजीत सिंह]

(क) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा शुरू की गई डेटा इनोवेशन लैब स्कीम का उद्देश्य आधिकारिक सांख्यिकी के क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करना है।

(ख) जी, हां। डेटा इनोवेशन लैब घटक हितधारकों की व्यापक भागीदारी और शैक्षणिक संस्थानों के नेटवर्क के सृजन के जरिए प्रयोग, नए विचार और उनके प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट प्रस्तुत करने के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करेगा जिससे नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और इसके परिणामस्वरूप आधिकारिक सांख्यिकी की गुणवत्ता में सुधार होगा।

*******